कोटद्वार, शनिवार
14 फरवरी 2026
वर्षः 48
अंकः 261 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### थराली में वाहन खाई में गिरा, चार घायल, दो रेफर

चमोली। शुक्रवार को लगभग एक बजे करीब सिमली–ग्वालदम–अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर नासिर बाजार के पास देवराड़ा मोड़ पर एक ट्रॉला वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। इसमें सवार चार लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। यहां से दो घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक एक ट्रॉला वाहन हल्द्वानी से थराली की तरफ आ रहा था। इस दौरान देवराड़ा मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 30–40 मीटर खाई में गिर गया। पुलिस थानाध्यक्ष विनोद चौरसिया ने बताया कि उक्त वाहन में पांच व्यक्ति सवार थे। इनमे अंशु (25), पप्पू (50), सोहेल (45), अली (17) सभी निवासी पुराना रोडवेज बरेली उत्तर प्रदेश घायल हो गए। इनमें अंशु और पप्पू की हालात गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जबकि पांचवां व्यक्ति सुरक्षित है।

### हत्या व अपहरण के दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

विकासनगर। विकासखंड चकराता के दूरस्थ न्याय पंचायत दसऊ में शुक्रवार को बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के माध्यम से 735 से अधिक लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया। शिविर में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सभी लोगों को मादक पदार्थों से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। क्षेत्रवासियों ने दसऊ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उच्चीकरण, आयुर्वेदिक चिकित्सालय क्वानू में चिकित्सक एवं एम्बुलेंस की तैनाती, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गबेला में अंग्रेज़ी अध्यापक की नियुक्ति, दसऊ में क्षतिग्रस्त पेयजल योजना की मरम्मत, बुरायला–जगथान में क्षतिग्रस्त गूल (सिंचाई नहर) के सुधार, मतारछानी डाडूवा में पेड़ों के बीच से गुजर रही विद्युत लाइन को स्थानांतरित करने तथा गौना में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की मांग रखी।

### आईआईटी छात्र को तलाशने के लिए गंगनहर को किया बंद

रुड़की। आईआईटी रुड़की के लापता 29 वर्षीय छात्र आशीष शुक्ला की तलाश में शुक्रवार को भी दिनभर गंगनहर में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। लेकिन देर शाम तक छात्र का कुछ पता नहीं चल सका। जबकि छात्र को तलाशने के लिए गंगनहर में पानी भी बंद करा दिया गया है। इसके बावजूद अभीतक उसके बारे में कुछ पता नहीं चल सका है। छात्र को तलाशने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईआईटी की सुरक्षा एजेंसी समेत स्थानीय पुलिस की टीम संयुक्त रूप से जुटी हुई है। घटना स्थल से लेकर आसफनगर झाल तक जगह जगह एनडीआरएफ की टीम खड़ी है। ताकि कहीं पर छात्र नहर में दिख सके। अधिकारियों ने रेस्क्यू टीम को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और जलस्तर के साथ बहाव की स्थिति का जायजा लिया। सिविल लाइन कोतवाली इंस्पेक्टर प्रदीप बिष्ट ने बताया कि हादसा बुधवार शाम का है, जब आईआईटी का छात्र आशीष शुक्ला अपने चार दोस्तों के साथ गंगनहर घाट पर घूमने आया था। घाट के किनारे टहलते समय अचानक उसका पांव फिसल गया और वह सीधे उफनती गंगनहर में जा गिरा। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण वह आंखों से ओझल हो गया।

### महिला के पेट से ढाई किलो का ट्यूमर निकाला

पिथौरागढ़। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने जटिल ऑपरेशन कर एक महिला के पेट से ढाई किलो का ट्यूमर निकाला है। चिकित्सकों की टीम महिला की निगरानी में जुटी है,तबियत ठीक होने के बाद महिला को घर भेजा जाएगा। नगर के नयाबाजार निवासी एक महिला पेट में असहनीय पीड़ा की शिकायत लेकर बीते दिनों अस्पताल पहुंची। सर्जन डॉ.मुकेश कुटियाल ने जांच की तो सामने आया कि महिला के पेट में ट्यूमर है। गुरुवार को जिला अस्पताल में सर्जन डॉ. मुकेश, सर्जन डॉ. सौरभ पांगती, निश्चेतक डॉ. हिना ने महिला का सफल ऑपरेशन कर ट्यूमर निकाला। महिला की स्थिति अब खतरे से बाहर है। महिला को सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया है।

# विश्व प्रसिद्ध नेशनल हिमक्रीड़ा स्कीइंग विंटर कार्निवल का पर्यटन मंत्री ने किया शुभारम्भ



**हर साल होगा विंटर कार्निवल का आयोजन**

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि शीतकालीन पर्यटन एवं साहसिक खेलों को बढ़ावा दिए जाने हेतु औली में विंटर कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है जिसे प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाएगा। अप्रैल 2026 में भारतीय सेना के साथ सूर्य देवभूमि चैलेंज का आयोजन प्रस्तावित है जिसके अंतर्गत हेलंग से उर्गम रूद्रनाथ, मंडल होते हुए ऊखीमठ तक कुल 91 किमी., ट्रेल का आयोजन किया जाएगा। जनपद चमोली की नीति घाटी में 31 मई को नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन का आयोजन किया जाना है जिसमें रिमखिम से नीति होकर मलारी तक कुल 75 किमी. अल्ट्रामैराथन एवं मलारी से नीति होकर मलारी तक कुल 42 किमी. मैराथन आयोजित होगी। जून 2026 में भारतीय सेना के साथ मिलकर बद्रीनाथ एवं माणा में देवभूमि कल्चरल फेस्टिवल के द्वितीय संस्करण का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि 80 के दशक में कुमाऊँ से गढ़वाल के मध्य होने वाली प्रसिद्ध हिमालयन कार रैली का वर्ष 2026 में पुनः आयोजन प्रस्तावित है।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज शुक्रवार को औली की पावन एवं मनोहर धरती पर औली विंटर कार्निवल - 2026 का शुभारंभ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व और स्पष्ट संकल्प के परिणामस्वरूप उत्तराखंड को विश्वस्तरीय शीतकालीन पर्यटन के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल संभव हो सकी है। कहा कि देवभूमि उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य, आध्यात्मिक चेतना और साहसिक संभावनाओं का अद्वितीय संगम है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि 13 से 16 फरवरी 2026 तक आयोजित इस औली विंटर कार्निवल में अनेक गतिविधियां संचालित होंगी। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और स्थानीय लोककलाओं की प्रस्तुतियां भी इस आयोजन को एक अद्वितीय उत्सव बना रही हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा, होमस्टे और स्थानीय उद्यमों को बढ़ावा देगा तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार पर्यटन को राज्य की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार स्तंभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शीतकालीन पर्यटन को वर्षभर के पर्यटन चक्र में समाहित कर हम उत्तराखंड के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में संतुलित और सतत विकास सुनिश्चित कर रहे हैं। कहा कि औली विंटर कार्निवल उत्तराखंड को वैश्विक मानचित्र पर सुदृढ़ पहचान दिलाने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। इस दौरान पर्यटन सचिव धीरज गर्ब्याल, विधायक कर्णप्रयाग अनिल नौटियाल, नगर पालिका अध्यक्ष जोशीमठ देवेश्वरी, ब्लॉक प्रमुख अनूप नेगी जोशीमठ, भाजपा जिला अध्यक्ष गजपाल बर्तवाल, जिलाधिकारी चमोली गौरव कुमार, एमडी जीएमवीएन विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पवार, कार्यकारी अधिकारी बीएल राणा, मंदिर समिति के उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, महाप्रबंधक जीएमवीएन लक्ष्मीराज चौहान, निदेशक वित्त रोमिल चौधरी,उपनिदेशक अमित लोहनी, जोशीमठ के उप जिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ठ जिला पर्यटन विकास अधिकारी अरविंद गौड़, साहसिक खेल अधिकारी सीमा नौटियाल, थल क्रीड़ा विशेषज्ञ शीतल सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### सदन में सीएम योगी ने की घोषणा, बढ़ाई जाएगी तीन तरह की कैटेगरी की पेंशन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान करीब 1.06 करोड़ निराश्रित महिलाओं, वृद्धों और दिव्यांगजनों की पेंशन धनराशि बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बजट में इसकी घोषणा नही हुई थी, लेकिन हम इसमें इजाफा करने जा रहे हैं। सीएम की घोषणा के बाद पेंशन की धनराशि 1000 हजार रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये होगी। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में भी इसकी घोषणा की थी। वहीं दूसरी ओर सीएम ने सदन में शंकराचार्य विवाद पर पहली बार अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कोई मुख्यमंत्री, मंत्री, सपा अध्यक्ष बनकर क्या प्रदेश में घूम सकता है? शंकराचार्य का पद सर्वोच्च और सम्मानित है। लेकिन हर काम नियम से होता है। सदन भी नियमों और परंपराओं से चलता है। कानून सबके लिए बराबर होता है। हम सभी संवैधानिक व्यवस्था से जुड़े हैं।

**कोई व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं**

मुख्यमंत्री का पद भी कानून से ऊपर नहीं है। विद्वत परिषद द्वारा अधिकृत व्यक्ति ही शंकराचार्य बन सकता है। हर कोई खुद को शंकराचार्य नहीं लिख सकता। माघ मेला में उस दिन 4.50 करोड़ श्रद्धालु आए थे। कोई कहीं भी जाकर माहौल खराब नहीं कर सकता है। वह माघ मेला के निकास द्वार से जाने का प्रयास कर रहे थे। यह श्रद्धालुओं के जीवन को खतरे में डाल सकता था। वहां भगदड़ मच सकती थी। कोई जिम्मेदार व्यक्ति ऐसा आचरण कैसे कर सकता है। हम मर्यादित लोग हैं। कानून का पालन करना और करवाना जानते हैं।

# हरिद्वार से गंगा जल लेकर लौटने लगे कांवड़िये



रुद्रपुर। महाशिवरात्री पर्व को लेकर कांवड़ियों में खासा उत्साह है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़िए वापस लौटने लगे हैं। कांवड़िए महाशिवरात्रि पर शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। जगह–जगह पर कांवड़ियों का स्वागत किया गया। विभिन्न स्थानों में शिविर लगाकर कांवड़ियों के ठहरने, भोजन की व्यवस्था की गई है। शुक्रवार को सुबह से ही रुद्रपुर में हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़िए पहुंचने लगे। काशीपुर रोड में शिव कांवड़ सेवा समिति ने कांवड़ियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई। समिति के लोगों ने बताया कि 21 वर्षों से सेवा निरंतर की जा रही है। वही कांवड़िए सेवा शिविर में आराम और भोजन करने के बाद अपने स्थानों को रवाना हो गये। इस दौरान बम–बम भोले के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं श्री गोलोक धाम सेवा समिति की ओर से कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। रवि बाटला व भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने श्री गोलोक धाम सेवा समिति के बैनर तले हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौटे कांवड़ियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# लोकसभा में 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे लगे

### संसद की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित



नई दिल्ली। बजट सत्र के 13वें दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन नहीं चल पाईं। लोकसभा की कार्यवाही करीब 10 मिनट ही चल पाई। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही दो घंटे तक चल पाई। अब दोनों सदनों की कार्यवाही 9 मार्च से शुरू होगी। शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके 5 मिनट बाद ही सदन स्थगित कर दी गई। 12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। इस बार हंगामे के बीच एजुकेशन और कानून मंत्रालय से जुड़े कुछ बिल पेश किए। इसके बाद चेयर पर मौजूद संध्या राय ने लोकसभा 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। संसद का बजट सत्र दो चरण में हो रहा है। पहला– 28 जनवरी से 13 फरवरी तक है। दूसरा चरण 23 दिन के ब्रेक के बाद 9 मार्च से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा।

सोरोस, फोर्ड फाउंडेशन और टुकड़े–टुकड़े गैंग के सरगना राहुल गांधी जी के खिलाफ मेरे आरोप ये हैं, जिनके लिए मैंने लोकसभा स्पीकर से बहस करने की इजाज़त मांगी है। क्या लोकसभा में विपक्ष के नेता सत्ता पाने के लिए भारत के बंटवारे की प्लानिंग कर रहे हैं?

इससे पहले निशिकांत ने राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में सब्सटेंसिव मोशन पेश किया है। राहुल पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। दुबे ने राहुल की संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की है।

**रिजिजू बोले– कई ऐसे मुद्दे हैं जिन पर हम राहुल को नोटिस देना चाहते थे**

किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ने मोशन लाने का फैसला किया था। राहुल गांधी ने नियमों को तोड़ा और एक अनपब्लिश्ड किताब का गैर–कानूनी तरीके से जिक्रकिया। उन्होंने अपने बजट भाषण में भी कई बातें कहीं – 'देश बिक गया' और ढट के लिए दूसरी बकवास बातें। कई ऐसे मुद्दे हैं जिन पर हम उन्हें नोटिस देना चाहते थे।

उन्होंने कहा कि प्राइवेट मेंबर निशिकांत दुबे एक सब्सटेंटिव मोशन लाए हैं, इसलिए अभी के लिए, हम उस मोशन को हटा रहे हैं जो सरकार लाने वाली थी। कोई भी टढ मोशन ला सकता है। सब्सटेंटिव मोशन के मंजूर होने के बाद, हम स्पीकर से बात करने के बाद तय करेंगे कि हम इसे प्रिविलेज कमेटी या एथिक्स कमेटी को भेज सकते हैं या सीधे हाउस में चर्चा के लिए ला सकते हैं। यह बाद में तय किया जाएगा।

**केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा– राहुल गांधी भ्रम फैलाना चाहते हैं**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर कहा– "कौन–सा किसान का मुद्दा, झूठ, लोगों में भ्रम फैलाना, जो चीज देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि किसानों के हित के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होगा।

### होटल की चौथी मंजिल से कूदी युवती

दिल्ली। फर्श बाजार के विश्वास नगर इलाके में शुक्रवार दोपहर 20 साल की युवती ने होटल संतोष रेजीडेंसी की तीसरी मंजिल की खिड़की से छलांग लगा दी। उसको खिड़की पर लटके और छलांग लगाते देख वहां मौजूद लोग हरकत में आए। पहले उनलोगों ने शोर मचाकर उसे ऐसा करने से मना किया और फिर इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम से फ्रिज, एसी व अन्य सामान के खाली गत्तों को नीचे सड़क पर रख दिया। जिसपर गिरने से युवती की जान बच गई। लोगों ने उसे पास के अस्पताल में भर्ती करवा दिया। उसके साथ कमरे में मौजूद युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है। शाहदरा जिला के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि शुक्रवार दोपहर एक बजे फर्श बाजार थाना पुलिस को एक युवती के होटल संतोष रेजीडेंसी से छलांग लगाने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि युवती को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छानबीन में पता चला कि घायल युवती सुंदर नगरी की रहने वाली है। उसने बुलंदशहर निवासी 22 साल के युवक के साथ होटल में चेक इन किया था।

# देहरादून की शांत फिज़ा को लगी किसकी नजर , 3 दिन में दूसरा मर्डर

### जिम से निकलते हुए कारोबारी की गोली मारकर हत्या



देहरादून, राजधानी दून में अपराध का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज सुबह राजपुर रोड सिल्वर सिटी कंपलेक्स में जिम से बाहर निकलते समय एक युवक के सिर पर गोली मार दी गई। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान विक्रम शर्मा के रूप में हुई है। जोकि प्रॉपर्टी और खनन से जुड़ा काम करता था। राजधानी देहरादून का सबसे व्यस्त और पॉश इलाका राजपुर रोड शनिवार को गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्रा उठा। बदमाशों ने राजपुर रोड स्थित सिल्वर सिटी मॉल के पास जिम से बाहर निकल रहे स्टोन क्रेशर कारोबारी विक्रम शर्मा की बेरहमी से हत्या कर दी। शहर के बीचों–बीच हुई इस दुस्साहिक वारदात ने पुलिसिया चौकसी के दावों की हवा निकाल दी है। ताज्जुब की बात यह है कि कारोबारी खुद लाइसेंसी पिस्टल लेकर चल रहे थे, लेकिन हमलावरों ने उन्हें संभलने तक का मौका नहीं दिया। सहस्त्रधारा रोड स्थित ग्रीन व्यू निवासी विक्रम शर्मा काशीपुर में स्टोन क्रेशर का कारोबार करते थे। शनिवार सुबह वह रोज की तरह सिल्वर सिटी स्थित जिम में वर्कआउट करने आए थे। जैसे ही वह जिम से बाहर निकले, पहले से घात लगाकर बैठे हमलावरों ने उन पर हमला बोल दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। आनन–फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

लाइसेंसी पिस्टल भी नहीं आई कामः पुलिस जांच में सामने आया है कि सुरक्षा के मद्देनजर विक्रम शर्मा हमेशा अपनी लाइसेंसी पिस्टल अपने साथ रखते थे। वारदात के वक्त भी पिस्टल उनके पास ही थी, लेकिन बदमाशों ने इतनी तेजी और सटीक तरीके से हमला किया कि विक्रम को अपनी रक्षा में हथियार निकालने का समय ही नहीं मिला।

मौके पर पहुंचीं पत्नी, एसएसपी ने संभाली कमानः घटना की जानकारी मिलते ही मृतक की पत्नी सोनिया शर्मा बदहवास हालत में मौके पर पहुंचीं। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। एसएसपी अजय सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया। बताया कि वारदात के हर पहलू की जांच की जा रही है। सिल्वर सिटी और आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ले ली गई है। हमलावरों की तलाश में पुलिस की कई टीमें शहर के एग्जिट पॉइंट्स और संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

# मुख्यमंत्री ने बॉडी बिल्डर प्रतिभा थपलियाल को किया सम्मानित

### – मातृशक्ति के उत्कर्ष और महिला सशक्तिकरण की प्रेरक मिसाल बनीं प्रतिभा



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की बेटी एवं अंतरराष्ट्रीय महिला बॉडीबिल्डर प्रतिभा थपलियाल को बॉडीबिल्डिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं गमला भेंट कर सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिभा थपलियाल की उपलब्धियों को उत्तराखंड की मातृशक्ति के गौरव तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त और प्रेरणादायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा की सफलता से प्रदेश, विशेषकर दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाली बेटियों को खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। मातृशक्ति अब खेलों के साथ–साथ अन्य विविध क्षेत्रों में भी अपने कैरियर की संभावनाएं तलाश रही हैं, जो प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की भूमि मातृप्रधान रही है तथा पहाड़ की महिलाएं कृषि, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन की धुरी रही हैं। समय–समय पर उत्तराखंड की महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण, समाज सेवा, खेल और सुशासन के क्षेत्र में देश–दुनिया का मार्गदर्शन किया है। हमें अपनी मातृशक्ति पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की ऐसी प्रतिभाशाली महिलाएं जो विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित कर रही हैं, उन्हें राजकीय सेवा में अवसर प्रदान करने का भी प्रयास किया जाएगा, ताकि वे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बन सकें।

**राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा का परचम**

43 वर्षीय प्रतिभा थपलियाल की प्रमुख उपलब्धियां (पिछले चार वर्षों में):

वर्ष 2023 में राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक।

एशियाई बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक।

9 फरवरी 2026 को तेलंगाना के करीमनगर में आयोजित राष्ट्रीय महिला बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक।

प्रतिभा थपलियाल बॉडीबिल्डिंग क्षेत्र में महिला विश्व चैंपियनशिप एवं एशिया चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली महिला बॉडीबिल्डर हैं। उनकी यह उपलब्धि न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। प्रदेश सरकार महिला खिलाड़ियों को हर संभव प्रोत्साहन एवं सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि उत्तराखंड की बेटियां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर निरंतर सफलता का परचम लहराती रहें।

### एलईडी लाइट खराब होने पर भड़का दूल्हा, साथियों संग चलाई गोली

नई दिल्ली। पटौदी के रणसिका गांव में रात को एक लगन समारोह में एलईडी लाइट में खराब होने से गुस्साए दूल्हे ने अपने साथियों के साथ मिलकर इलेक्ट्रिशियन पर गोली चला दी। पहली गोली चलने से वह बच गया, लेकिन हमलावरों का इससे गुस्सा शांत नहीं हुआ। जान बचाने के लिए भाग रहे इलेक्ट्रिशियन पर दोबारा गोली चलाई गई। गोली उसकी कमर पर लगी और वह वहीं पर गिर गए।

वहां पर मौजूद लोगों ने घायल को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां पर पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के ससुर की शिकायत पर पटौदी थाना पुलिस ने दुल्हा अमनदीप और साहिल को नामजद कर लिया है। अपराध शाखा फर्रुखनगर टीम ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# जवान की पत्नी के साथ आठ लाख की ठगी



रुद्रपुर। सितारगंज क्षेत्र में बीएसएफ जवान की पत्नी के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने पहले टैक्स जमा कराने के बहाने महिला को जाल में फंसाया और फिर सीबीआई जांच व पति की नौकरी जाने की धमकी देकर करीब आठ लाख रुपये की रकम ठग ली। अधिक रकम की मांग होने पर महिला को ठगी का अहसास हुआ, जिसके बाद उसने साइबर सेल और पुलिस को सूचना दी। पीड़िता हरविन्दर कौर पत्नी गुरदेव सिंह निवासी पिपलिया शक्तिफार्म ने साइबर सेल अधिकारी को दी गई तहरीर में बताया कि बीते 18 दिसंबर को उनके फोन पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने 95 हजार रुपये टैक्स भुगतान करने की बात कहते हुए बिल भेजा और एक खाता नंबर उपलब्ध कराया। महिला ने डर के चलते बताए गए खातों में राशि जमा कर दी। इसके बाद दो अलग–अलग नंबरों से लगातार फोन आने लगे। कॉलर ने धमकी दी कि उनके परिवार के खिलाफ सीबीआई जांच शुरू हो गई है और बीएसएफ में तैनात उनके पति को नौकरी से बर्खास्त किया जा रहा है। साथ ही कहा गया कि सीबीआई अधिकारी मीडिया के साथ उनके घर पहुंच रहे हैं। इन धमकियों से भयभीत होकर महिला ने 24 दिसंबर तक विभिन्न खातों में कुल आठ लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

# उत्तराखंड पुलिस विभाग में तबादलेः एसएसपी देहरादून अजय सिंह को हटाया




देहरादून। प्रदेश में बढ़े अपराधों के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार शाम कानून के लिए पुलिस व्यवस्था में बड़ा बदलाव कर दिया। 20 आईपीएस को इधर से उधर कर दिया गया है, इनमें आठ जिलों के कप्तान भी शामिल हैं। देहरादून में 48 घंटे के भीतर दो हत्याओं के बाद एसएसपी अजय सिंह को हटा दिया गया। उनकी जगह अब हरिद्वार के एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल को दून की कमान सौंपी गई है। अजय सिंह को एसएसपी एसटीएफ बनाया गया। वहीं, एसटीएफ के एसएसपी नवनीत सिंह को हरिद्वार का एसएसपी बनाया गया है। ऊधमसिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा को एसपी अभिसूचना बनाया है, उनकी जगह अजय गणपति कुम्भार को ऊधमसिंह नगर भेजा है। वह वर्तमान में चंपावत के एसपी थे, उनकी जगह पिथौरागढ़ की एसपी रेखा यादव को चंपावत भेजा है। रुद्रप्रयाग के एसपी अक्षय प्रहलाद कोण्डे को एसपी पिथौरागढ़ बनाया है, उनकी जगह एसपी अपराध एवं यातायात यूएसनगर निहारिका तोमर को भेजा है। एसपी अपराध एवं यातायात हरिद्वार जितेंद्र कुमार मेहरा को एसपी बागेश्वर की जिम्मेदारी सौंपी है। एसपी बागेश्वर चंद्रशेखर आर घोड़के को एसएसपी अल्मोड़ा बनाया गया है। एसएसपी अल्मोड़ा देवेंद्र पींचा को 31वीं वाहिनी पीएसी में सेनानायक पद पर तैनात किया गया है। सचिव गृह शैलेश बगोली की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, पुलिस उप महानिरीक्षक एसडीआरएफ निवेदिता कुकरेती को एसडीआरएफ में आईजी बनाया है। एसएसपी विजिलेंस प्रह्लाद नारायण मीणा को डीआईजी विजिलेंस बनाया है। 31वीं वाहिनी पीएसी में सेनानायक यशवंत सिंह को पीटीसी नरेंद्रनगर में प्रधानाचार्य बनाया है।

### बर्फीली वादियों में लगा पर्यटकों का मेला

मनाली। लगभग 22 दिन बाद अटल टनल रोहतांग सभी प्रकार के वाहनों के लिए बहाल हो गई है। शुक्रवार को फोर बाई फोर वाहनों के साथ साधारण वाहन भी अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल और सिस्सू तक पहुंचे। 23 जनवरी को भारी बर्फबारी होने के बाद अटल टनल रोहतांग पर्यटकों के लिए बंद हो गई थी। लगभग एक सप्ताह से पर्यटक वाहनों को सोलंगनाला तक भेजा जा रहा था। इससे आगे सिर्फ फोर बाई फोर वाहन ही जा पर रहे थे। शुक्रवार को सड़क की बेहतर स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सभी प्रकार के वाहनों को अटल टनल तक जाने की अनुमति दी। सुबह ही बड़ी संख्या में पर्यटक अटल टनल पहुंचे। टनल के साउथ पोर्टल और नॉर्थ पोर्टल में बर्फ के बीच पर्यटकों ने खूब मस्ती की। हालांकि, पार्किंग के अभाव में वाहन सड़क किनारे ही खड़े किए जा रहे हैं। पर्यटन कारोबारी अभिषेक, अक्षित कुमार, अंकित वर्मा ने कहा कि टनल तक पर्यटक वाहनों के पहुंचने से कारोबार में इजाफा होने की उम्मीद है। कुछ दिन बाद कोकसर और सिस्सू में भी शीतकालीन खेलें व अन्य गतिविधियां शुरू हो जाएंगी।

# ऋषिकेश में भी अमर्यादित वस्त्रों पर प्रतिबंध

### मधुबन आश्रम में घुटने से कम कपड़ों पर नहीं मिलेगा प्रवेश



ऋषिकेश। मधुबन आश्रम ऋषिकेश (मुनिकीरेती) में महिला श्रद्धालु छोटे व आपत्तिजनक वस्त्रों में प्रवेश नहीं कर पाएंगी। मंदिर प्रबंधन ने इसे लेकर मंदिर परिसर में नोटिस भी लगाए हैं। खास बात है कि महिलाओं के साथ ही पुरुषों को भी निकर (घुटने से कम) पहनने पर प्रवेश नहीं मिलेगा। मंदिर प्रबंधन ने धार्मिक श्रद्धा एवं पवित्रता बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया है।

मधुबन आश्रम क्षेत्र में राधा–कृष्ण का विख्यात मंदिर है। यहां रोजाना हजारों की संख्या में देशी–विदेशी श्रद्धालु भगवान के दर्शन को पहुंचते हैं। ऐसे में कई बार महिला श्रद्धालुओं के छोटे पहनावे को लेकर कई श्रद्धालु व मंदिर प्रबंधन से जुड़े सदस्य आपत्ति जता चुके हैं। लगातार मंदिर में महिला श्रद्धालुओं को छोटे पहनावे में प्रवेश न देने की मांग भी उठती रही है।

ऐसे में मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करने व मंदिर की पवित्रता बनाए रखने के लिए यह नियम सख्ती से लागू कर दिया है।

यह नियम पुरुषों पर भी समान रूप से लागू रहेगा। मंदिर परिसर में कई नोटिस चस्पा किए गए हैं, जिनमें स्पष्ट कहा गया है कि महिला व पुरुषों को छोटे वस्त्र (घुटने से कम व आपत्तिजनक वस्त्र) में मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस पर मधुबन आश्रम मुनिकीरेती के अध्यक्ष परमानंद दास महाराज ने कहा कि मधुबन आश्रम राधा–कृष्ण का पवित्र स्थल है। यहां हर आयु वर्ग व विभिन्न देशों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में कई बार श्रद्धालु पश्चिमी संस्कृति से प्रेरित वस्त्र पहनकर आते हैं, जिसे धार्मिक स्थल व हिंदु परंपरा की दृष्टि से अनुमति नहीं दी जा सकती है। महिला हो या पुरुष, छोटे व आपत्तिजनक वस्त्र में मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## सम्पादकीय

### कारण एक, बदला पूरा महकमा

उत्तराखंड में बढ़ती अपराधों की श्रृंखला के बाद यह तो स्पष्ट हो गया है कि यहां की पूरी व्यवस्था में बदलाव की जरूरत है। खास तौर से पुलिस प्रबंधन में व्यापक खामियां हैं जिनको दूर करने के लिए प्रशिक्षण स्तर पर भी ध्यान देने की जरूरत है। राज्य के तीन बड़े जनपद जिनमें देहरादून, उधम सिंह नगर एवं हरिद्वार शामिल है, यहां अपराधों का ग्राफ संभालता हुआ नजर नहीं आ रहा है। हैरानी की बात यह है की शासन द्वारा इन जिलों में प्रमोटी आईपीएस प्रभारी बनाए गए हैं और अमूमन देखने में आया है कि इन चंद गिनती के अधिकारियों को ही एक जनपद से दूसरे जनपद में भेजा जा रहा है। डायरेक्ट आईपीएस को बड़े जनपदों का प्रभार ना मिलने पर भी विभाग के अंदर आईपीएस अधिकारियों में निराशा है। उधर पिछले कुछ दिनों से राजधानी देहरादून के बद से बदतर होते हालातो के बाद आखिरकार शासन की नींद टूटी और देहरादून के एसएसपी को हटाते हुए उनके स्थान पर हरिद्वार के वर्तमान कप्तान को तैनात किया गया है। हालांकि इस बार भी जनपद देहरादून में प्रोन्नत आईपीएस को ही भेजा गया है। इस बात के संकेत तो पहले ही मिलने लगे थे कि जिस प्रकार से पूरे प्रदेश खासतौर से राजधानी देहरादून में बदमाशों के हौसले बुलंद है और पुलिस की नाक के नीचे जघन्य अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है उसके बाद किसी न किसी पर तो गाज गिरनी तय ही थी। खैर इन तबादलों को कोई बहुत अधिक प्रभावशाली नहीं कहा जा सकता क्योंकि हरिद्वार से बुलाए गए नए कप्तान का रिपोर्ट कार्ड भी अपराधों को रोकने में कोई बहुत ज्यादा उल्लेखनीय नहीं है। माना तो यह जा रहा है कि बड़े स्तर पर किए गए इन तबादलों के पीछे मुख्य तौर पर देहरादून के एसएसपी अजय सिंह को हटाना ही सबसे प्रमुख कारण है। राजधानी में लगातार हो रही हत्याओं के बाद उनकी तैनाती पर सवाल उठने लगे थे और लोगों में पुलिस व्यवस्थाएं के खिलाफ बढ़ रहा असंतोष भी इन तबादलों का एक बड़ा कारण है। बहरहाल अब देखना यह है कि क्या पुरानी बोतल में नई शराब की तर्ज पर किए गए इन तबादलों से राजधानी देहरादून के हालात सुधरेंगे?

# एआई के उपयोग की जरूरत

**सुश्री रुबल चिब**

भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर चल रहा विमर्श अब परिपक्व होता जा रहा है। ध्यान अब अमूर्त क्षमता से हटकर व्यावहारिक प्रभाव पर केन्द्रित होता जा रहा है। चर्चा एआई की सैद्धांतिक क्षमता से हटकर व्यवहार में उसके द्वारा हल की जा सकने वाली समस्याओं पर टिकती जा रही है। खाद्य और कृषि जैसे कुछ ही क्षेत्र इस अंतर को इतनी स्पष्टता से दर्शा पा रहे हैं। ये वो क्षेत्र हैं जहां अक्षमताएं मामूली नहीं बल्कि प्रणालीगत हैं और प्रौद्योगिकी को जहां जलवायु, लॉजिस्टिक्स एवं बाजार से जुड़ी गहरी स्थानीय वास्तविकताओं के दायरे में काम करना चाहिए।

खाद्य प्रणालियां इस समस्या को स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं। भारत अपनी आबादी को खिलाने के लिए पर्याप्त से अधिक उत्पादन करता है, फिर भी अनुमानित 68 मिलियन टन भोजन हर साल बर्बाद हो जाता है। इसमें अनियमित आपूर्ति, खराब गुणवत्ता मूल्यांकन और खंडित आपूर्ति श्रृंखलाओं के कारण कटाई के बाद 35–40 प्रतिशत फल एवं सब्जियां नष्ट हो जाती हैं। संकट उत्पादन का नहीं, बल्कि रोके जा सकने वाले नुकसान का है। यह नुकसान किल्लत का नहीं, बल्कि पैदावार एवं उपभोग और आंकड़ों एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया के बीच के असंतुलन का नतीजा है। सालों से, गुणवत्ता और समय से जुड़ी विश्वसनीय एवं वास्तविक जानकारियों का अभाव भारतीय किसानों तथा नियामकों के लिए एक चुनौती बना हुआ है। जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप डिजाइन किया जाता है, तो यह इस खाई को पाटने का एक रास्ता खोलती है।

जैविक वास्तविकता और आर्थिक निर्णय लेने की प्रक्रिया के बीच की यह खाई ही वह क्षेत्र है जहां व्यावहारिक एआई का खासा कारगर हो सकता है। क्यूजेंस लैब्स में, हमारा काम एक साधारण अवलोकन से शुरू हुआः अब जबकि भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे ने भुगतान, पहचान और सेवाओं की आपूर्ति को पूरी तरह बदल दिया है, गुणवत्ता का आकलन करने के तरीके के मामले में खाद्य अर्थव्यवस्था काफी हद तक एनालॉग ही बनी हुई है। 'क्यूस्कैनइ नाम की जो एआई–संचालित संवेदन प्रणाली हमने विकसित की है, वह फलों और सब्जियों में आंतरिक गुणवत्ता संबंधी संकेतों को पकड़ने हेतु अवरक्त (इंफ्रारेड) स्पेक्ट्रोस्कोपी तथा कृत्रिम सूंघने की क्षमता (आर्टिफीशियल ओल्फैक्शन) का उपयोग करती है और उन्हें निर्णय लेने के समय उपयोगी जानकारियों में परिवर्तित करती है। इरादा स्वचालन को सिर्फ दिखावे की मंशा से लागू करना भर नहीं, बल्कि कम लाभ पर काम करने वाले उपभोक्ताओं, किसानों और खुदरा विक्रेताओं के लिए अनिश्चितताओं को कम करना था।

इस अनुभव से यह बात स्पष्ट हो गई है कि एआई की प्रभावशीलता मूल रूप से संदर्भ पर निर्भर करती है। विदेशी आंकड़े (डेटासेट) या मानकीकृत आपूर्ति श्रृंखलाओं पर प्रशिक्षित मॉडल भारत की उन विविधता भरी परिस्थितियों में विफल हो जाते हैं, जहां फसलों की किस्में, जलवायु, भंडारण की पद्धतियां और बाजार की संरचनाएं विभिन्न क्षेत्रों में बिल्कुल ही अलग–अलग होती हैं। खासकर खाद्य प्रणालियों में, सटीकता को स्थानीयता से अलग नहीं किया जा सकता। भारतीय उपज, भारतीय लॉजिस्टिक्स और भारतीय व्यवहारिक मानदंडों को न समझने वाली एआई के लिए न्यूनतम रूप से अप्रासंगिक और अधिकतम रूप से भ्रामक होने का जोखिम होता है।

इसीलिए संप्रभु एवं घरेलू जड़ों में निहित एआई पर वर्तमान नीतिगत जोर सामयिक और जरूरी, दोनों है। 'इंडियाएआई मिशनइ कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रति राज्य के दृष्टिकोण में एक स्पष्ट बदलाव का संकेत देता है – इसे रोजमर्रा की वास्तविकताओं से कटे एक अत्याधुनिक तकनीक के रूप में नहीं, बल्कि विकासात्मक बुनियादी ढांचे के रूप में देखा जा रहा है। स्वदेशी एआई अनुप्रयोगों के लिए लक्षित वित्तपोषण, राष्ट्रीय कंप्यूटिंग क्षमता में निवेश, भारतीय डेटासेट के लिए समर्थन और क्षेत्र–विशिष्ट समाधानों को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों के जरिए, यह मिशन सक्रिय रूप से एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है जहां नवाचार स्थानीय जरूरतों पर आधारित है। स्वदेशी मॉडलों, स्टार्टअप और जनहित की परियोजनाओं का समर्थन करके, यह मिशन अन्य भौगोलिक क्षेत्रों से लिए गए एआई प्रणालियों के बजाय भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप डिजाइन की गई एआई प्रणालियों के लिए जगह बना रहा है।खाद्य और कृषि के उदाहरणों से साफ होता है कि यह क्यों महत्वपूर्ण है। फसल की कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने से किसानों की आय, खाद्य पदार्थों की कीमतों और पर्यावरण से जुड़े नतीजों पर सीधा असर पड़ता है। बचाई गई उपज की प्रत्येक इकाई भूमि, जल और ऊर्जा संसाधनों पर दबाव को कम करती है, जोकि जलवायु परिवर्तन और जिम्मेदार उपभोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप है। अक्सर व्यवहार में बदलाव या नए इनपुट की जरूरत वाले उपज बढ़ाने के उपायों के उलट, बेहतर गुणवत्ता मूल्यांकन समन्वय में सुधार करके बेहतर नतीजों को संभव बनाता है – जिससे प्रणाली सही समय पर कार्य करने में सक्षम होती है।समावेशन का प्रश्न भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक हित में एआई का सदुपयोग तभी संभव है जब यह सिर्फ बड़े उद्यमों के बजाय छोटे व्यवसायों के लिए भी सुलभ हो। भारत की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था में इसका आशय ऐसे उपकरणों से है जो अनौपचारिक बाजारों में काम करें, स्थानीय भाषाओं का समर्थन करें और मानवीय निर्णय को दरकिनार करने के बजाय उसका पूरक बनें। अस्पष्ट सुझाव थोपने वाली प्रौद्योगिकियां विश्वास अर्जित करने के लिए जूझेंगी। अदृश्य जानकारी को दृश्यमान बनाकर निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुगम बनाने वाली प्रौद्योगिकियों के स्वाभाविक रूप से व्यापक होने की संभावनाएं कहीं अधिक हैं।हमारे देश की राजधानी में 16 से 20 फरवरी 2026 के दौरान आयोजित होने वाला 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिटइ ऐसे समय में हो रहा है जब ये अंतर और भी स्पष्ट होते जा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर, एआई से जुड़ी चर्चाएं शक्तियों के केन्द्रीकरण, डेटा संबंधी विषमताओं और पर्यावरण से जुड़ी कीमतों जैसे मुद्दों से जूझ रही हैं। भारत के लिए मौका एक अलग राह दिखाने में निहित है, एक एक ऐसी राह जहां बुद्धिमत्ता विकेन्द्रीकृत, संदर्भों के प्रति जागरूक और वास्तविक आर्थिक प्रणालियों में समाहित हो। कृषि, खाद्य संबंधी लॉजिस्टिक्स और जलवायु अनुकूलन एआई से जुड़ी कहानी में हाशिए पर नहीं, बल्कि इसके केन्द्र में हैं।यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि एआई अपने आप ही प्रभाव उत्पन्न नहीं करता। इसके लिए विषय–वस्तु की गहरी समझ, जटिल नीतिगत वास्तविकताओं के प्रति धैर्य और सार्वजनिक संस्थानों के साथ घनिष्ठ समन्वय की जरूरत होती है। हालांकि, जब ये शर्तें पूरी की जाती हैं, तो एआई उन क्षेत्रों को चुपचाप बदल सकता है जिन्होंने लंबे समय से सुधार का विरोध किया है। यह बदलाव व्यवधान के जरिए नहीं, बल्कि पूर्व में लिए गए बेहतर निर्णयों के जरिए होता है।इम्पैक्ट समिट जैसे–जैसे करीब आता जा रहा है, नीति निर्माताओं, प्रौद्योगिकीविदों और उद्यमियों के सामने एआई को अंधाधुंध रूप से अपनाने के बजाय सोच–समझकर और गहराई से लागू करने की चुनौती है। सफलता को मॉडल के मानकों के बजाय अपव्यय को कम करने, आय को स्थिर करने और सुदृढ़ता को मजबूत करने में बुद्धिमत्ता की कामयाबी के आधार पर मापा जाना चाहिए। भारत के विकास के कई अन्य क्षेत्रों की तरह, खाद्य प्रणालियों में एआई का सबसे बड़ा योगदान शायद समय रहते कार्रवाई करने में हमारी मदद करना ही है।

खाद्य प्रणालियां इस समस्या को स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं। भारत अपनी आबादी को खिलाने के लिए पर्याप्त से अधिक उत्पादन करता है, फिर भी अनुमानित 68 मिलियन टन भोजन हर साल बर्बाद हो जाता है। इसमें अनियमित आपूर्ति, खराब गुणवत्ता मूल्यांकन और खंडित आपूर्ति श्रृंखलाओं के कारण कटाई के बाद 35–40 प्रतिशत फल एवं सब्जियां नष्ट हो जाती हैं। संकट उत्पादन का नहीं, बल्कि रोके जा सकने वाले नुकसान का है। यह नुकसान किल्लत का नहीं, बल्कि पैदावार एवं उपभोग और आंकड़ों एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया के बीच के असंतुलन का नतीजा है। सालों से, गुणवत्ता और समय से जुड़ी विश्वसनीय एवं वास्तविक जानकारियों का अभाव भारतीय किसानों तथा नियामकों के लिए एक चुनौती बना हुआ है। जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप डिजाइन किया जाता है, तो यह इस खाई को पाटने का एक रास्ता खोलती है।

# परीक्षाएँ नहीं, सीखना है जीवन का लक्ष्य

**प्राभाकर उपाध्याय**

आज के समय में परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच अत्यधिक चिंता और तनाव का वातावरण देखने को मिलता है। अक्सर अंकों को ही सफलता का एकमात्र मापदंड मान लिया जाता है, जबकि वास्तविकता यह है कि परीक्षाएँ जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, बल्कि सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण मात्र हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर भी परीक्षा पे चर्चा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि परीक्षा को बोझ नहीं, बल्कि एक अवसर के रूप में देखा जाए। विद्यार्थियों को यह समझने की आवश्यकता है कि परीक्षा उनके ज्ञान, समझ और आत्मविश्वास को परखने का माध्यम है, न कि उनकी संपूर्ण क्षमता का अंतिम निर्णय। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में केवल अच्छे अंक ही सफलता की गारंटी नहीं हैं। समय की मांग है कि विद्यार्थियों का ध्यान अंकों के साथ–साथ कौशल विकास पर भी केंद्रित हो। संचार कौशल, समस्या समाधान क्षमता, रचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और तकनीकी दक्षता जैसे जीवन कौशल विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। नई शिक्षा नीति और सीबीएसई भी अब इसी दिशा में कार्य करते हुए अनुभवात्मक शिक्षण, प्रोजेक्ट आधारित अधिगम और व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष बल दे रहे हैं। अभिभावकों और शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को केवल अधिक अंक लाने के दबाव में न रखें, बल्कि उनकी रुचियों और क्षमताओं को पहचानकर उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में सीखने और आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करें। वास्तव में, अंक सफलता का एक हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन कौशल ही जीवन में स्थायी सफलता का आधार बनते हैं।

परीक्षा के समय विद्यार्थियों पर सबसे अधिक प्रभाव घर और विद्यालय के वातावरण का पड़ता है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों की तुलना अन्य विद्यार्थियों से न करें। तुलना से आत्मविश्वास कम होता है और तनाव बढ़ता है। इसके स्थान पर बच्चों को प्रोत्साहित करें, उनकी मेहनत की सराहना करें और सकारात्मक माहौल प्रदान करें।

विद्यालयों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे केवल परीक्षा परिणाम पर ही ध्यान न दें, बल्कि बच्चों के समग्र विकास पर कार्य करें। खेल, योग, ध्यान और सह–पाठयक्रम गतिविधियाँ विद्यार्थियों के मानसिक संतुलन और एकाग्रता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

आज के डिजिटल युग में विद्यार्थियों का काफी समय मोबाइल और सोशल मीडिया पर व्यतीत होता है, जो उनकी एकाग्रता और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। परीक्षा के समय विशेष रूप से डिजिटल उपकरणों का सीमित और उद्देश्यपूर्ण उपयोग आवश्यक है।

संतुलित दिनचर्या – पर्याप्त नींद, पौष्टिक आहार, नियमित अध्ययन, छोटे–छोटे ब्रेक, योग और ध्यान – विद्यार्थियों को तनावमुक्त और ऊर्जावान बनाए रखने में सहायक होती है।

नई शिक्षा नीति और सीबीएसई की मूल्यांकन प्रणाली भी अब केवल रटने की प्रवृत्ति से आगे बढ़कर समझ, विश्लेषण, रचनात्मकता और व्यवहारिक ज्ञान पर जोर दे रही है। इसलिए विद्यार्थियों को केवल अंक प्राप्त करने के बजाय विषय को समझने और जीवन में उसके उपयोग पर ध्यान देना चाहिए।

जीवन में सफलता केवल परीक्षा के अंकों से तय नहीं होती। आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, अनुशासन और निरंतर सीखने की आदत ही वास्तविक सफलता की कुंजी हैं।

विद्यार्थियों की सफलता के लिए अभिभावक, शिक्षक और विद्यालय के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। यदि तीनों मिलकर बच्चों का मार्गदर्शन करें, उन्हें प्रेरित करें और उनका मनोबल बढ़ाएँ, तो कोई भी चुनौती कठिन नहीं रह जाती।

परीक्षा जीवन की यात्रा का एक पड़ाव है, मंजिल नहीं। इसे डर या दबाव के रूप में नहीं, बल्कि सीखने, आत्ममूल्यांकन करने और आगे बढ़ने के अवसर के रूप में स्वीकार करना चाहिए।

## पीयूष गोयल की टिप्पणी

यह कहना काफी नहीं है कि व्यापार समझौते पर बातचीत अभी चल रही है और उसे लिखा नहीं गया है। जब ऐसा होगा, तब पूरी जानकारी दी जाएगी। दरअसल, पीयूष गोयल की इस टिप्पणी ने अनिश्चय और बढ़ा दिया है। भारत– अमेरिका ट्रेड डील के बारे में डॉनल्ड ट्रंप की घोषणा से बने अनिश्चय के बीच वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने आनन–फानन में प्रेस कांफ्रेंस कर किसान एवं अन्य समूहों को आश्वस्त करने की कोशिश की। कहा कि कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को सुरक्षित रखा जाएगा। मगर इससे आशंकाएं दूर नहीं हुईं, तो उसकी वजह वॉशिंगटन से आ रहे बयान हैं। अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंग्स और व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर ने बेलाग कहा है कि ट्रेड डील में कृषि शामिल है। यह भी कहा है कि अमेरिका के कृषि एवं औद्योगिक उत्पादों पर भारत शून्य आयात शुल्क लगाएगा। उधर ह्वाइट हाउस की प्रवक्ता केरोलीन लेविट कहा है कि भारत ना सिर्फ रूस से तेल खरीदना बंद करेगा, बल्कि अमेरिका और संभवतः वेनेजुएला से भी अधिक मात्रा में तेल खरीदेगा। ये वही बातें हैं, जिनका उल्लेख राष्ट्रपति ट्रंप ने किया था। इसलिए इन मुद्दों पर दो–टूक बयान की जरूरत है। यह कहना पर्याप्त नहीं है कि व्यापार समझौते के कई पहलुओं पर बातचीत चल रही है और उसे अभी लिखा नहीं गया है। जब ऐसा होगा, तब पूरी जानकारी दी जाएगी। दरअसल, गोयल की इस टिप्पणी ने प्रकरण पर और भी धुंध डाल दी है। क्या बिना डील संपन्न हुए ट्रंप ने एलान कर दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसके लिए उन्हें धन्यवाद दे दिया? ऐसा हुआ, तो उससे दोनों देशों के सर्वोच्च नेतृत्व की छवि और भी खराब होगी। फिर क्या भारत ऐसा आश्वासन लेने में सफल रहा है कि ट्रंप आगे चल कर ब्रिक्स+ की भारत की सदस्यता और ईरान जैसे देशों से व्यापारिक संबंध रखने को मुद्दा नहीं बनाएंगे? हाल में दक्षिण कोरिया से डील होने के बावजूद ट्रंप ने यह कर उस पर 25 फीसदी नया टैरिफ लगा दिया कि वह समझौते पर ठीक से अमल नहीं कर रहा है। ट्रंप के व्यवहार में ऐसी अस्थिरताएं भरी–पड़ी हैं। भारत सरकार का कर्त्तव्य इन तमाम पहलुओं का आकलन करते हुए आगे बढ़ना और देशवासियों को इस संबंध में अवगत रखना होना चाहिए।

# शालिनी पांडे की सीरीज बैंडवाले का ट्रेलर जारी



प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी म्यूजिकल ड्रामेडी सीरीज बैंडवाले का दिल छू लेने वाला ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। यह प्राइम ओरिजिनल सीरीज अंकुर तिवारी और स्वानंद किरकिरे द्वारा लिखी और तैयार की गई है, जबकि निर्देशन अक्षत वर्मा और अंकुर तिवारी ने किया है। सीरीज का निर्माण ओएमएल एंटरटेनमेंट कर रहा है। कहानी में संगीत एक केंद्रीय भूमिका निभाता है, जिसमें यशराज मुखाटे की ओरिजिनल रचनाएं शामिल हैं, जो उनके पहले लॉन्ग फॉर्मेट सीरीज की रचना होगी. कौसर मुनिर की खूबसूरत कविताएं कहानी की भावनात्मक गहराई को और निखारती हैं। ट्रेलर एक ऐसी कहानी का स्वर स्थापित करता है जो रचनात्मकता, दोस्ती और शांत बगावत पर आधारित है, और छोटे शहर के सपने देखने वालों की भावनात्मक धड़कन को पकड़ता है, जो अपनी आवाज़ ढूंढ रहे हैं। रतलाम के बीचों–बीच सिथ्त, बैंडवाले में मरियम नाम की एक युवा कवियत्री की कहानी है, जो अपनी पहचान, आज़ादी और अपनेपन के सवालों से जूझते हुए बिना नाम बताए अपनी रचनाएँ ऑनलाइन शेयर करना शुरू करती है।

जहान कपूर ने अपने किरदार को लेकर कहा, उसकी यात्रा रोबो और डीजे सायको के साथ आगे बढ़ती है, जहां तीनों संगीत, हास्य और साझा महत्वाकांक्षा पर भरोसा करते हुए अपने हालात से परे जीवन की कल्पना करते है। ट्रेलर उनके आपसी रिश्ते, रचनात्मक बेचैनी और उस नाजुक आशा की झलक दिखाता है कि कला न केवल निकलने का रास्ता बन सकती है, बल्कि आगे बढ़ने का मार्ग भी। संगीत कहानी के भावनात्मक पहलू को आगे बढ़ाता है और स्वयं कथा का एक अभिन्न हिस्सा बन जाता है।

## हाथों में गन, इंटेंस आंखें, यश की टॉक्सिक से तारा सुतारिया का फर्स्ट लुक आउट

कन्नड़ सुपरस्टार यश स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म टॉक्सिक अपने रिलीज ईयर में आ चुकी है. फिल्म मार्च 2026 में रिलीज होगी और फिल्म से एक के बाद एक हसीनाओं के फर्स्ट लुक सामने आ रहे हैं. कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी और नयनतारा के बाद अब फिल्म से तारा सुतारिया का भी फर्स्ट लुक सामने आया है. टॉक्सिक के मेकर्स ने तारा सुतारिया का एक अवतार में फर्स्ट लुक साझा किया है. जैसे–जैसे फिल्म की रिलीज डेट नजदीक आ रही है, वैसे–वैसे फिल्म की एक्ट्रेस के फर्स्ट लुक भी सामने आ रहे हैं. चलिए जानते हैं फिल्म टॉक्सिक में तारा सुतारिया का क्या रोल होगा.गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनने वाली फिल्म टॉक्सिक से आए तारा सुतारिया के फर्स्ट लुक की बात करें तो वह ऑफ शॉल्डर डार्क ड्रेस में हाथ में गन लिए दिख रही हैं. शोल्डर कट हेयर स्टाइल और आंखों में टागरेट लिए तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव दिख रहा है. तारा फिल्म टॉक्सिक में रेबेका का रोल करने जा रही हैं. इस हिसाब से टॉक्सिक एक मास एक्शन फिल्म बनने जा रही है. इससे पहले फिल्म से नयनतारा का डैशिंग फर्स्ट लुक आया था. फिल्म में नयनतारा का रोल गंगा नामक लड़की का होगा.

# मैच पर मंडराए संकट के बादल, कोलंबो का मौसम तोड़ सकता करोड़ों फैंस का दिल

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2026 के 27वें मुकाबले में रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम का सामना पाकिस्तान से होगा। ग्रुप स्टेज का सबसे चर्चित यह मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा। दोनों ही देशों के फैंस इस मैच का इंतजार कर रहे हैं। जो भी टीम इस मुकाबले को जीतेगी वह सुपर–8 में अपनी जगह लगभग पक्की कर लेगी। हालांकि, इस बीच फैंस के लिए बुरी खबर सामने आई है। भारत–पाकिस्तान मैच पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसे में मुकाबले का मजा किरकिरा हो सकता है।




**कोलंबो में बारिश की संभावना**

श्रीलंका के मौसम विज्ञान विभाग की एक रिपोर्ट में कहा गया है, "15 फरवरी के आसपास दक्षिण–पूर्वी बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।" वहीं कोलंबो में रविवार को बारिश होने की 93 प्रतिशत संभावना है। रविवार को कोलंबो का अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। कोलंबो में 15 फरवरी को 12 एमएम तक बारिश हो सकती है। दिन में करीब 4 घंटे बारिश होगी। इसके अलावा पूरे दिन बादल छाए रहेंगे। मैच के दौरान तूफान की भी आशंका जताई गई है।

**भारतीय टीम टॉप पर**

मौजूदा चैंपियन भारत ग्रुप ए में टॉप पर है और नेट रन रेट के आधार पर पाकिस्तान से आगे है। नामीबिया को 93 रनों से हराने के बाद भारत कोलंबो पहुंचा है। वहीं भारतीय टीम ने अपने सभी मैच कोलंबो में जीते हैं। भारतीय टीम ने 2 मैच खेले हैं और दोनों में जीत दर्ज की है। टीम के 4 अंक और नेट रन रेट +3.050 है। भारत ने अमेरिका और नामीबिया को हराया।

**पाकिस्तान ने जीते दोनों मैच**

दूसरी ओर पाकिस्तान ने भी अब तक हार का मुंह नहीं देखा है। सलमान आगा की कप्तानी वाली टीम ने अपने दोनों मैच जीते हैं। टीम के 4 अंक और नेट रन रेट +0.932 है। पाकिस्तान ने नीदरलैंड और अमेरिका को मात दी है। अगर भारत और पाकिस्तान का मैच बारिश के कारण धुलता है तो दोनों टीमों को 1–1 अंक दिया जाएगा। ग्रुप स्टेज में अगर मैच बाधित होता है तो इसके लिए 2 घंटे का अतिरिक्त समय है।

# आयशा शर्मा की क्रिएटिव यात्रा में नया मोड़

आयशा शर्मा अपनी रचनात्मक पहचान को एक नया आयाम दे रही हैं। अब वे पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के साथ बतौर लेखिका डेब्यू कर रही हैं। सोशल मीडिया पर अपनी दमदार मौजूदगी और एक गहराई से जुड़ी कम्युनिटी के लिए जानी जाने वाली आयशा शर्मा ने धीरे–धीरे अपनी एक अलग आवाज़ बनाई है, जो सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं है। इस किताब के जरिए वह अभिव्यक्ति का एक और रास्ता तलाश रही हैं–एक ऐसा रास्ता जो ठहराव, आत्मचिंतन और भावनात्मक ईमानदारी को जगह देता है। उनकी पहली किताब सौ छोटे–छोटे ध्यानपूर्ण विचारों का संग्रह है, जो ताकत, कोमलता और आत्म–प्रेम के इर्द–गिर्द बुना गया है। रोजमर्रा की भावनाओं से जुड़ी यह किताब खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो थकान, आत्म–संदेह और हर वक्त खुद को साबित करने के दबाव से जूझ रहे हैं। यह किताब हल देने का दावा नहीं करती, बल्कि एक ऐसा स्पेस बनाती है जहाँ पाठक खुद को पहचान सकें और एक सुकून भरी तसल्ली महसूस कर सकें। किताब के पीछे की भावना साझा करते हुए आयशा शर्मा कहती हैं, मेरा मानना है कि सही किताब आपको सही समय पर मिलती है। उम्मीद है यह किताब आपको तब मिले जब आपको इसकी सबसे ज्यादा जरूरत हो।



## जिम्बाब्वे के खिलाफ हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए सुपर–8 की राह हुई मुश्किल

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया को जिम्बाब्वे के खिलाफ कोलंबो में खेले गए मुकाबले में 23 रनों से हार का सामना करना पड़ा। मैच में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए अब सुपर–8 में क्वालीफाई करना मुश्किल होने वाला है। हालांकि, उनके लिए अभी दरवाजे पूरी तरह से बंद नहीं हुए हैं लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम अब दूसरी टीमों पर निर्भर हो गई है। उन्हें अन्य टीमों के नतीजों पर उनकी किस्मत तय होने वाली है। ऑस्ट्रेलिया की टीम टी20 वर्ल्ड कप 2026 में काफी कमजोर दिखाई दे रही है। टीम के स्टार गेंदबाज चोट की वजह से बाहर हैं और वे टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं हैं। इसमें पैट कमिंस और जोश हेजलवुड का नाम शामिल है। इन दोनों के अलावा मिचेल स्टार्क ने पहले ही टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है। स्टार खिलाड़ियों की कमी ऑस्ट्रेलिया को खली और अब वे दूसरी टीमों पर निर्भर हो गए हैं।




**जिम्बाब्वे की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत**

श्रीलंका के कोलंबो में खेले गए मुकाबले में जिम्बाब्वे ने पहले बैटिंग करते हुए 2 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए थे। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 19.3 ओवरों में 146 रनों पर सिमट गई। इसी के साथ उन्हें मुकाबले में 23 रनों से हार का सामना करना पड़ा। जिम्बाब्वे के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी ने शानदार गेंदबाजी की और 4 विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

**ग्रुप बी का पॉइंट्स टेबल**

ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 2 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्हें एक मैच में हार मिली है और एक मैच में जीत। ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी में शामिल है और इसकी अंकतालिका पर नजर डालें, तो श्रीलंका की टीम 2 मैचों में 2 जीत और 4 अंकों के साथ पहले स्थान पर है। उनका नेट रन रेट भी +3.125 है। इसके अलावा दूसरे नंबर पर जिम्बाब्वे की टीम है और उन्होंने 2 मैच खेले हैं और दोनों मैचों में जीत हासिल की है। इसी के साथ जिम्बाब्वे 4 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। सिकंदर रजा की अगुवाई वाली टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है और उनका नेट रन रेट +1.984 का है।

**ऑस्ट्रेलिया के लिए समीकरण**

ऑस्ट्रेलिया को सुपर–8 में क्वॉलीफाई करने के लिए अपने बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने होंगे। उनका एक मैच श्रीलंका और दूसरा मैच ओमान से है। ऐसे में अपने दोनों मुकाबले वे जीतकर 6 अंक अर्जित कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम इन मुकाबलों में बड़े अंतर से जीत हासिल करना चाहेगी क्योंकि उनका नेट रन रेट +1.100 है, जो जिम्बाब्वे और श्रीलंका दोनों से ही खराब है।

## एक नजर

### छात्राओं को दी उनके अधिकारों की जानकारी

उत्तरकाशी। बाल सुरक्षा एवं संरक्षण को लेकर उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार आयोग की ओर से जवाहर नवोदय विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी कानूनों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में राज्य बाल संरक्षण आयोग के सचिव डॉ. शिव कुमार बरनवाल ने विद्यालय स्तर पर सुरक्षित एवं सहयोगात्मक वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। वहीं, तहसीलदार कमलेश किरोला ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से बच्चों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए उपलब्ध कानूनी सहायता एवं अधिकारों के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष गीता खन्ना ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर बच्चों को कानूनी प्रावधानों एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। इस मौके पर बीडीओ सुरेश चौहान, वीओ पूजा नेगी, विद्यालय के प्राचार्य महेश चंद्र भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### विधानसभा का बजट सत्र तीन सप्ताह चलाया जाए

चमोली। जिला कांग्रेस कमेटी ने उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र को तीन सप्ताह तक चलाने की मांग की है। उन्होंने इसके लिए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन भेजा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उत्तराखंड विधानसभा के सत्र बहुत कम समय के लिए आयोजित होते हैं। इससे राज्य के महत्वपूर्ण प्रश्न सवोच्च सदन के सामने नहीं आ पाते हैं। भ्रष्टाचार, महिलाओं के बढ़ते उत्पीड़न, वन्यजीवों से मानव हानि, सरकारी जमीनों की बंदरबांट आदि ज्वलंत मुद्दों पर विधानसभा में चर्चा होनी चाहिए। इसलिए बजट सत्र की समयावधि बढ़ाई जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह बिष्ट, ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सिंह सजवाण, पीसीसी सदस्य अरविंद नेगी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र गरोड़िया, भगत कनियाल, जिला महामंत्री संदीप झिंक्वाण सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### टिहरी बांध की झील से मछलियों को पकड़ने का कार्य होगा शुरू

उत्तरकाशी। टिहरी बांध की झील से जल्द मछलियों को पकड़ने का कार्य शुरू होने की उम्मीद है। गत पांच वर्षों के भीतर किसी ने मछलियों को पकड़ने में रुचि नहीं दिखाई है। गत माह शासन स्तर से बांध की झील में मछलियों को पकड़ने और पालने के लिए टेंडर जारी किए गए हैं।

टिहरी बांध की 42 वर्ग किलोमीटर विशालकाय झील में पल रही मछलियों को पकड़ने के लिए गत पांच वर्षों में न तो स्थानीय लोगों और न ही कोई बाहरी संस्था आगे आ पाई है। देखरेख के अभाव में बिना रोक–टोक के लोग मछलियों का अवैध शिकार कर रहे हैं। हाल ही शासन स्तर से टिहरी बांध की झील से मछलियों को पकड़ने के लिए आगामी 10 वर्षों के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी की गई है जिसमें मछलियों का पकड़ने के साथ झील में जालीनुमा छोटे–छोटे तालाब बनाकर से मछलियों का पालन किया जा सकेगा। युवाओं को रोजगार मिलने के साथ राजस्व में बढ़ोतरी होगी। साथ ही बांध की झील में पल रही मछलियों के अवैध शिकार पर रोक लगेगी।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन


दुगड्डा विकासखंड के अंतर्गत राजकीय इंटर कालेज बल्ली में सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : दुगड्डा ब्लॉक के अंतर्गत अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज बल्ली का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक रेनू बिष्ट व प्रधानाचार्य युगजीत चंद्र सेमवाल ने किया।

उन्होंने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें पुरातन विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों को साझा किया। कहा कि विद्यालय में बिताए दिन आज भी उन्हें याद आते हैं। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने गढ़वाली-कुमाऊंनी व हिंदी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। बच्चों ने बीहू नृत्य, हिमाचली नाटी, पंजाबी नृत्य व योग प्रदर्शन के साथ ही बैंड की प्रस्तुति ने समा बांध दिया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सुरज नेगी, उप प्रमुख मधुसूदन, डा. दिवाकर बेबनी, प्रभाकर बेबनी, नरेंद्र सिंह बिष्ट, ललित मोहन काला, प्रमिला देवी, शुभा देवी, सुषमा रावत आदि मौजूद रहे।

## मार्ग निर्माण की स्वीकृति का पूर्व सैनिकों ने किया स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : न्यायालय की ओर से लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण को स्वीकृति दिए जाने का अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने स्वागत किया है। कहा कि मार्ग निर्माण से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने लालढांग-चिलरखाल वन मोटर मार्ग में लगी रोक हटाए जाने पर खुशी व्यक्त की है। कहा कि रोक हटने से अब मार्ग निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

परिषद के मीडिया प्रभारी बलवान सिंह रावत ने कहा कि स्थानीय जनता पिछले कई दशकों से मार्ग निर्माण की मांग उठा उठा रही थी। मार्ग निर्माण की रोक हटने के बाद अब प्रदेश सरकार पर ज्यादा जिम्मेदारी बढ़ गई है। कहा कि क्षेत्रवासी उक्त मोटर मार्ग को फ्लाई ओवर के माध्यम से बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। कहा कि अभी आंदोलन खत्म नहीं हुआ है। जब तक प्रदेश सरकार इस मोटर मार्ग निर्माण का पूरा खाका जनता के समक्ष नहीं रख देती तब तक क्षेत्रवासियों को आंदोलन जारी रखना होगा। अन्यथा यह मोटर मार्ग पूर्व की भांति राजनीति की भेंट चढ़ जाएगा।

# संस्था ने गांव-गांव से एकत्रित किया कूड़ा, ग्रामीणों को किया जागरूक


संस्था की ओर से अभियान के दौरान एकत्रित किया गया कूड़ा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : पहाड़ को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए 11 गांव आंदोलन संस्था की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गांव-गांव से कूड़े के ढेर को एकत्रित कर उसे नष्ट किया जा रहा है। अभियान के दौरान संस्था ग्रामीणों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही है। पिछले कई सप्ताह से संस्था जयहरीखाल क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चला रही है। अभियान के तहत गांव-गांव जाकर कूड़े को एकत्रित कर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाने का भी संकल्प लिया। शुक्रवार को संस्था के संस्थापक आकाश सुंद्रियाल, श्रेय, निशांत मित्तल ने राजकीय इंटर कालेज जयहरीखाल के सहयोग से जयहरीखाल क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के दौरान जगह-जगह फैले कूड़े को एक जगह एकत्र कर उसे नष्ट किया गया। संस्थापक आकाश सुंद्रियाल ने बताया कि अब तक संस्था विभिन्न गांव से करीब 1.23 टन कूड़ा एकत्रित कर चुकी है। साथ ही ग्रामीणों को भी स्वच्छता का संदेश दिया गया। बताया कि अभियान का अगला उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे पहाड़ की महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आर्थिकी को मजबूत बना सकें।

# कबड्डी में मां शकुंतला हाउस रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत एमकेवीएन एजुकेशनल ग्रुप की ओर से विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में मां शकुंतला व बालिका वर्ग में महर्षि कण्व हाउस अव्वल रहा।

दुर्गापुरी व देवी रोड स्थित विद्यालयों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के कार्यकारी निदेशक मयंक प्रकाश कोठारी, प्रशासनिक अधिकारी विपिन जदली, प्रधानाचार्य सुनीता नैथानी ने किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान दुर्गापुरी स्थित विद्यालय में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बालक वर्ग में मां शकुंतला हाउस व बालिका वर्ग में महर्षि कण्व हाउस प्रथम रहे। प्री प्राइमरी वर्ग के कक्षा प्ले की पिकअप द बाल रेस में सोमिक प्रथम, अद्विक द्वितीय व अनिकेत तृतीय रहे। कक्षा नर्सरी की बाल पिकअपर एंड थ्रो रेस में आकाशा प्रथम, वेदांश द्वितीय व हर्षिल तृतीय रहे। कक्षा एलकेजी व यूकेजी की बैग पैग पैक रेस में अक्षज प्रथम, मिशिका द्वितीय व अद्विक तृतीय रहे। कक्षा एक व दो की बलून बैलेंसिंग रेस में समर्थ, आदर्श प्रथम, अर्णव, युवान द्वितीय व अनिका, तनवी तृतीय रहे। देवीरोड स्थित स्कूल में आयोजित बाधा दौड़ के बालक वर्ग में प्रतीक प्रथम, अद्विक द्वितीय व शिवांश तृतीय रहे। बालिका वर्ग में वान्यि प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय व श्रेया तृतीय रहे। कक्षा तीन व चार के 50 मीटर दौड़ में आरव प्रथम, प्रियांश द्वितीय सारांश तृतीय रहे। 25 मीटर बालिका रेस में मनस्वी प्रथम, आरोही द्वितय ग्रिषा तृतीय रहे। 5वीं व 6वीं कक्षा के 50 मीटर दौड़ में आराध्या प्रथम, आस्था द्वितीय व सुहाना तृतीय रहे। 7 व 8वीं कक्षा के बालक वर्ग के 100 मीटर रेस में अभिनव प्रथम, शिवांश द्वितीय व आरव तृतीय रहे। इस मौके पर सोनम पंत कोठारी, अशोक जखमोला, अनिल सैनी, चिराग कुकरेती, नितिश कुमार, पुष्पा केष्टवाल, ममता नेगी, अतुल बडोला, पुष्कर कुमार मौजूद रहे।


आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी


## थलीसैण में नई भर्ती

**कम्पनी का नामः M/S JAGDISH SINGH**

**CONTRACTOR NAME: MR. JAGDISH SINGH BISHT**

**संपर्क सूत्र :– 01348297792**

| पद | पदों की संख्या | योग्यता | वेतन |
|---|---|---|---|
| डाटा ऑपरेटर | 10 | स्नातक और कंप्यूटर डिप्लोमा | 20000 |
| साइड सुपरवाईजर | 05 | इंटरमीडिएट और आई.टी.आई | 15000 |
| स्टोर कीपर | 02 | इंटरमीडिएट और आई.टी.आई | 15000 |
| चपरासी | 03 | आठवीं पास | 12000 |
| कुल पद | 20 | | |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा तथा अपने समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं छाया प्रति लेकर दिनांक 16/02/2026 से 18/02/2026 तक प्रातः 10.00 बजे से शायं 5.00 तक M/S JAGDISH SINGH ऑफिस निकट ब्लॉक फील्ड के नजदीक विद्युत वितरण उपखंड के सामने थलीसैंण पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड में साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो। अधिक जानकारी के लिए मो. 01348297792 पर संपर्क कर सकते हैं।

**भवदीय**
**जगदीश सिंह**
**अनुरक्षण (ठेकेदार)**


# पौधा रोपण व स्वच्छता सहित अन्य अभियान चलाएगा एनएसएस


आयोजित बैठक में जानकारी देते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण सहित अन्य अभियान चलाए जाएंगे। इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े विद्यालयों को विभिन्न जिम्मेदारी दी गई। पौधा रोपण के साथ लगाए गए पौधों के संरक्षण पर भी ध्यान दिया जाएगा।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में गढ़वाल मंडल कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी ने योजना की जानकारी दी। कहा कि क्षेत्र में माध्यमिक शिक्षा की 18 शिक्षण संस्थाओं में संचालित हो रही राष्ट्रीय सेवा योजना में 1800 स्वयं सेवकों को पंजीकृत किया गया है। नगर निगम क्षेत्र को साफ व स्वच्छ रखने, पौध रोपण करके हरा भरा बनाने, पालिथीन मुक्त रखने, डिजिटल साक्षरता, साइबर क्राइम, सामाजिक बुराइयों और नशीली वस्तुओं के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। प्रथम चरण में रेलवे स्टेशन की खाली पड़ी जमीन पर एनएसएस के स्वयं सेवकों के श्रमदान व सहयोग से पौधा रोपण किया जाएगा। प्रत्येक माह स्वयं सेवकों की ओर से पौधा रोपण स्थल पर साफ-सफाई करवाई जाएगी। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी राकेश मोहन ध्यानी, मुकेश रावत, सतीश कुमार मौर्य, विवेक कुकरेती, हिमांशु द्विवेदी, सुशील कुमार, राकेश चमोली, मनीष मधवाल, अंकित पंत, गौरव सकलानी, शंकर बहादुर, विजयलक्ष्मी, भावना पांडे आदि मौजूद रहे।

## मार्ग निर्माण को स्वीकृति मिलने पर निकाली स्वागत रैली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण को स्वीकृति मिलने पर शुक्रवार को भाजपा ने शहर में स्वागत रैली निकाली। कहा कि मार्ग निर्माण से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को मिठाई भी खिलाई।

शुक्रवार को चिल्लरखाल वन चौकी के समीप से स्वागत रैली निकाली गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे सरकार व आमजन की जीत बताया। रैली में मौजूद विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने लोगों को मार्ग निर्माण की स्वीकृति मिलने पर शुभकामनाएं दी। कहा कि यह जनता की जीत है जो आज लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण को न्यायालय ने हरी झंडी दिखाई। कहा कि वह जनता से किए गए हर वादे को पूरा करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही हैं। जल्द ही मोटर मार्ग का निर्माण कर जनता को इसका लाभ मिलना प्रारंभ हो जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी हर्ष रैली के रूप में किशनपुर, मोटाढांग, दुर्गापुरी, तड़ियाल चौक, देवी मंदिर, नजीबाबाद रोड होते हुए झंडाचौक में पहुंचे। जहां उन्होंने पटाखे जलाते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। झंडाचौक में लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी के ऊपर गुलाब के फूलों की भी वर्षा की।


## कार्यालय- नगर पंचायत सतपुली, पौड़ी गढ़वाल

संख्या 512/न0प0 सतपुली / 2025-26 दिनांकः 13 फरवरी, 2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सतपुली क्षेत्रान्तर्गत घरों के सेप्टिक पिट एवं नालो की सफाई की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए निकाय को सक्शन टैंक (सेप्टिक टैंक मय मोटर एवं 30 मी0 पाईप) की आवश्यकता है। सक्शन टेक अपूर्तिकर्ता फर्मों से निविदा प्रक्रिया के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदा कार्यालय नगर पंचायत सतपुली में दिनांक 24, फरवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक ही स्वीकार की जाऐगी, जो कि दिनांक 24 फरवरी 2026 को ही अपराहन् 4:00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निर्धारित समय उपरांत प्राप्त निविदा में कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यदि किन्ही अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | क्षमता | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | सक्शन टैंक (मय सक्शन मोटर एवं 30 मी0 सक्शन पाईप) | 3000 ली0 | 1 नग |

शर्तेः– किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सतपुली**
**(1528/65)**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सतपुली**


# अफसर बिटिया कार्यक्रम में बेटियों को सशक्त बनाने का लिया संकल्प


अफसर बिटिया कार्यक्रम में बालिका को पुरस्कृत करते हुए अधिकारी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, रिखणीखाल द्वारा ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व योजना के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज कर्तिया में ह्यअफसर बिटियाह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों ने 250 से अधिक बालिकाओं, अभिभावकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया। इस मौके पर बेटियों को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। बाल विकास परियोजना अधिकारी महबूब खान ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बाल विवाह और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान किया। पुलिस विभाग की ओर से चौकी इंचार्ज (रथुवाढाब) ने साइबर क्राइम और बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों से बचाव हेतु कानूनी प्रावधानों एवं हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी साझा की। स्वास्थ्य विभाग से चिकित्साधिकारी डॉ. सोनाली और डॉ. आलोक ने बालिका स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता और कन्या भ्रूण हत्या जैसे संवेदनशील विषयों पर प्रकाश डाला। वहीं, खंड शिक्षा अधिकारी किरन नेगी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और शिक्षा के अधिकार के माध्यम से बालिकाओं को मिलने वाले शैक्षणिक लाभों के बारे में बताया। वक्ताओं ने जोर दिया कि शिक्षित और स्वस्थ बेटी ही समाज की उन्नति का आधार है।

इस अवसर पर बालिकाओं के मध्य निबंध, वाद––ववाद, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 27 बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में सामान्य अध्ययन की पुस्तकें और डिक्शनरी प्रदान की गईं।

## विधानसभा बजट सत्र को कम अवधि के लिए संचालित करने पर रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विधानसभा के बजट सत्र को कम अवधि के लिए संचालित करने पर जिला कांग्रेस कमेटी ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि प्रदेश के हित को देखते हुए गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए। सत्र की कम अवधि से विकास कार्यों को गति नहीं मिल पाएगी। इस दौरान ने बजट सत्र को न्यूनतम तीन सप्ताह करने की मांग की।

शुक्रवार को तहसील में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी ने प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। कहा कि प्रदेश सरकार को जनता के हितों को लेकर गंभीरता से कार्य करना होगा। प्रदेश के विधानसभा के बजट सत्र की अवधि कम होती है। जिससे जनता के मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पाती। विधायकों के माध्यम से उठाए जाने वाले जनहित के मुद्दे भी सदन तक नहीं पहुंच पाते हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है।

ज्ञापन में प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर भी रोष व्यक्त किया गया। कहा कि सरकार को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए योजना तैयार करनी चाहिए। देवभूमि में किसी भी तरह का अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश में सरेआम हत्याएं, मारपीट, महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। वन्य जीव लगातार ग्रामीणों पर हमला कर रहे है, जिसके कारण ग्रामीणों का जीना दूभर हो रहा है। ज्ञापन देने वालों में रूपेंद्र नेगी, प्रवीन रावत, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, गणेश नेगी, बृजपाल सिंह नेगी, सुदर्शन सिंह रावत, शिवम भूषण, सुनील सेमवाल, राजीव कपूर, गोपाल सिंह गुसांई मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद पौड़ी, पौड़ी-गढ़वाल

फोन नं0–01368–221927 Email-nagarpalikapauri@gmail.com

संख्या :- 1864/न0पा0प0/निवि. सू.-2026/रा0वि0/ दिनांक 13 फरवरी, 2026

**सार्वजनिक निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद पौडी, द्वारा दिनांक 01-02-2026 को दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान व दैनिक जयन्त में प्रकाशित निविदा सूचना में अपरिहार्य कारणों से अंशिक संशोधन करते हुए पुनः निविदा लगाई जाती है। जो कि दिनांक 20.02.2026 को सांय 02 बजे अपरान्ह तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। जो कि उसी दिन समय 04 बजे अपरान्ह को निविदा समिति द्वारा ठेकेदारो / प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम वार्ड सहित | धरोहर धनराशि | निविदा फार्म का मूल्य (+) 18%g.s.t. | निविदा की वैधता | कार्य की लागत (ला0 रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0-11 पौड़ी मांडाखाल में कुत्तों के आश्रय स्थल का निर्माण कार्य। | 39000/- | 1500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | 45 दिन | 13.00 | 03 माह |

निविदा से सम्बन्धित शेष शर्तें पूर्व की भांति यथावत रहेगी।

**(गायत्री बिष्ट)**
**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद पौड़ी।**

**(हिमानी नेगी)**
**अध्यक्ष,**
**नगर पालिका परिषद पौड़ी।**

(1527/79)

